Bareilly, Saturday,
19 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO:04 BOTTOM

अच्छाई के लिए होता है परिवर्तन

विभिन्न इंजीनियरिंग व प्रबंधन संस्थानों के नौ सौ विद्यार्थी हुए शामिल

स्टूडेंट्स ने उत्साह के साथ किया प्रतिभाग.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (18 Nov): श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में टायरो क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट- 2022 'परिवर्तन एक चक्र' का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हुआ. स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री, गांधीवादी नेता स्वर्गीय श्रीराममूर्ति की प्रतिमा पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने माल्यार्पण किया. शतिक सभागार में रिबन काटा, दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ जेस्ट- 2022 'परिवर्तन एक चक्र' को शुभारंभ की अनुमति प्रदान की.

27 वर्षों से हो रहा आयोजन

उन्होंने टायरो क्लब को इस वर्ष के जेस्ट 2022 को थीम परिवर्तन एक चक्र को समर्पित करने को सराहा, कहा कि परिवर्तन एक चक्र है. इससे सीखें और अपना सर्वश्रेष्ठ दें. अपना दायरा बढ़ाएं. यही आपको प्रशंसनीय बनाएगा और आपकी सराहना होगी. उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में टीम वर्क की भावना आती है. इस को ही ध्यान में रखते हुए 27 वर्ष पहले विद्यार्थियों द्वारा संचालित टायरो क्लब स्थापित किया गया था. इसे जेस्ट और अन्य कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई थी. तब से आज तक सफलतापूर्वक टायरो क्लब के सदस्य जेस्ट आयोजित करते आ रहे हैं.

होंगी 45 प्रतिस्पर्धाएं

टायरो अध्यक्ष रौनक तिवारी ने सभी का स्वागत किया और जेस्ट- 2022 की थीम 'परिवर्तन एक चक्र' को स्पष्ट किया. उन्होंने बताया कि में स्ट्रीट प्ले, बैटल ऑफ बैंड्स, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, मोनो एक्ट, टैटू मेकिंग सहित 45 स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी. सभी में परिवर्तन को प्रतिलक्षित किया जाएगा. चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता, इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एलएस मौर्य, नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. रिंटू चतुर्वेदी आदि रहे.